लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी, (राजस्व)
(जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़
पीठासीन अधिकारी चेतन देवड़ा, आई.ए.एस.

प्रकरण संख्या/82/2019 (सू.अ.)
पंजीयन दिनांकः– 23.09.2019

श्री गणेश कानोडिया 15/284, सिविल लाईन्स कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश

बनाम

लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम–2005

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

निर्णय

दिनांक 10.10.2019

सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ के यहां सूचना चाहने हेतु एक आवेदन दिनांक 07.08.2019 को रजिस्टर्ड ड़ाक से प्रस्तुत किया। प्रस्तुत आवेदन पर 30 दिवस की अवधि में भी अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराने से अपीलार्थी द्वारा यह अपील प्रस्तुत की गई।

अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर इस न्यायालय के पत्रांक प्र.सं. सूचना का अधिकार 82/2019/(10.10)/530 दिनांक 25.09.2019 से लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ को दिनांक 10.10.2019 से पूर्व कमेंट्स प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करते हुए, अपीलार्थी को भी समसंख्यक पत्रांक (रजिस्टर्ड) से नियत दिनांक 10.10.2019 को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित होने के लिये लिखा गया।

रजिस्टर्ड पत्र के माध्यम से सूचना देने के बावजूद भी अपीलार्थी नियत दिनांक को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित नहीं हुआ।

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

प्रकरण संख्या 82 / 2019 (सू.अ.)
श्री गणेश कानोडिया कानपुर नगर (उ.प्र.) बनाम लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़

लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ़ ने अपने पत्र क्रमांक/एडीएम/पीए/लोसूअ/2019/142 दिनांक 01.10.2019 से कमेंट्स प्रेषित किये जो इस प्रकार हैः–

1. यह कि प्रार्थी श्री गणेश कानोडिया निवासी 15/284 सिविल लाईन्स कानपुर नगर (उ. प्र.) द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत आवेदन पत्र दिनांक 05.08.2019 का प्रस्तुत किया जो इस कार्यालय में दिनांक 14.08.2019 को प्राप्त होना सही है।
2. यह कि प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र से चाही गई सूचना का विवरण स्पष्ट प्रस्तुत नहीं करने से वांछित सूचना तैयार करवाया जाना संभव नहीं हो पा रहा था, इस संबंध में प्रार्थी को स्पष्ट विवरण प्रस्तुत करने हेतु इस कार्यालय के पत्रांक/एडीएम/पीए/लोसूअ/2019/2258 दिनांक 06.09.2019 से अवगत कराया गया है। पत्र की प्रति संलग्न है।
3. यह कि प्रार्थी को स्पष्ट विवरण प्रस्तुत करने बाबत इस कार्यालय द्वारा दिनांक 06.09.2019 को पत्र प्रेषित किये जाने के उपरान्त भी आज दिनांक तक कोई जवाब या स्पष्ट विवरण इस कार्यालय को प्रस्तुत नहीं करने से वांछित सूचना तैयार नहीं की जा सकी है। प्रार्थी द्वारा चाही जा रही सूचना के संबंध में स्पष्ट विवरण प्रस्तुत करने पर वांछित सूचना विधिवत उपलब्ध कराई जायेगी। अतः अपील पर जवाब स्वीकार कर प्रार्थी अपील को निरस्त कराने का श्रम करावें।

हमने अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील तथा लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ़ द्वारा अपने पत्रांक/एडीएम/पीए/लोसूअ/2019/142 दिनांक 01.10.2019 से प्रेषित कमेंट्स तथा उसके संलग्न अनुलग्नक का अवलोकन कर उस पर मनन किया। जिसके अनुसार लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ ने अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना का स्पष्ट विवरण उपलब्ध कराने हेतु सूचित किया है जबकि अपीलार्थी द्वारा सूचना चाहने हेतु

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

सूचना अपीलीय प्राधिकारी जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

प्रकरण संख्या 82 / 2019 (सू.अ.)
श्री गणेश कानोडिया कानपुर नगर (उ.प्र.) बनाम लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़

प्रस्तुत आवेदन दिनांक 05.08.2019 का अवलोकन करने पर स्पष्ट है कि अपीलार्थी द्वारा उक्त आवेदन से जिला चित्तौड़गढ़ में यदि कोई अस्त्र–शस्त्र विक्रेता हो तो उसका नाम, पता एवं दूरभाष संबंधी सूचना चाही गई है। अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन दिनांक 05.08.2019 में उसके द्वारा वांछित सूचना का स्पष्ट विवरण उपलब्ध कराया गया है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलार्थी आंशिक स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ को निर्देशित किया जाता है कि यदि उक्त सूचना कार्यालय रेकार्ड में उपलब्ध हो तो अपीलार्थी को निः शुल्क उपलब्ध करा दी जावे।

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी, जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

(चेतन देवड़ा)
लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

क्र./सरिश्ता/प्र.सं./82/2019(सू.अ.)/ 592 दिनांकः– 10 / 10 /2019

प्रतिलिपिः–

1. लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़
2. श्री गणेश कानोडिया, 15/284, सिविल लाईन्स, कानपुर नगर–208001 (उ. प्र.)

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

Signature Not Verified
Digitally signed by Chetan Ram Deora
Date: 2019.12.24 12:31:21 IST
Reason: SelfAttested
Location: